HAPUR POLICE

प्रेस नोट

थाना - पिलखुवा **दिनांक 06.11.2026**

- **थाना पिलखुवा पुलिस ने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति का रुपयों का बैग चोरी करने वाले एक अभियुक्त किया गिरफ्तार।**
- **जिसके कब्जे/निशादेही पर 04 लाख रुपये (शत प्रतिशत) मय बैग व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद।**
- **गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा दिनांक 04.11.2026 को हाईवे पर अनवरपुर कट के पास सडक दुर्घटना ने घायल व्यक्ति के सड़क पर पडे 04 लाख रुपयों के बैग को चोरी करने की घटना को दिया था अंजाम।**

कार्यवाही:-

हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वाहन चोरों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा थाने पर पंजीकृत मु0अ0सं0 558/2026 धारा 281, 125(बी), 303(2) बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को मोनाड यूनिवर्सिटी की तरफ जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे/निशादेही पर 04 लाख रुपये (शत प्रतिशत) मय बैग व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।



गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:-

महिपाल सिंह पुत्र महावीर सिंह निवासी ग्राम कैली थाना खरखौदा जनपद मेरठ।

बरामदगी का विवरण:-

- 04 लाख रुपये (शत प्रतिशत) मय काला बैग सम्बन्धित मु0अ0सं0 558/2026 धारा 281, 125(बी), 303(2) बीएनएस थाना पिलखुवा जनपद हापुड़।
- घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल पैशन प्रो रजि0 नं0 यूपी 14 बीडबल्यू 0743

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम:-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री मनोज कुमार थाना पिलखुवा जनपद हापुड़।
2. उ0नि0 श्री लक्ष्मीकान्त सिंह थाना पिलखुवा जनपद हापुड़।
3. उ0नि0 राजकुमार सिंह थाना पिलखुवा जनपद हापुड़।
4. का0 913 रोहित कुमार थाना पिलखुवा जनपद हापुड़।
5. रि0का0 178 कृष्ण कुमार थाना पिलखुवा जनपद हापुड़। 6. रि0का0 423 बनवारी लाल थाना पिलखुवा जनपद हापुड़।